**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**27.11.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 317 का उत्तर**

**पतरातू नेक्स्ट जेनरेशन मालभाड़ा अनुरक्षण यार्ड**

**317. श्री दुलू महतो:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार ने पतरातू नेक्स्ट जेनरेशन मालभाड़ा अनुरक्षण यार्ड की स्थापना को स्वीकृति प्रदान कर दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ख) उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति और अनुमानित लागत क्या है;**

**(ग) उक्त परियोजना की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं और इसमें कितनी प्रौद्योगिकी प्रगति की योजना बनाई गई है:**

**(घ) क्या नए मालभाड़ा अनुरक्षण यार्ड से इस क्षेत्र में माल दुलाई प्रचालन और क्षमता में वृद्धि और करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ङ) क्या इस परियोजना के भाग के रूप में किन्हीं नई अवसंरचना, उपकरण अथवा सुविधाओं की योजना बनाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(च) क्या इस परियोजना को अनुमोदित नहीं किया गया है अथवा शुरू नहीं किया गया है और यदि हां, तो इस संबंध में विलंब अथवा शुरू नहीं किए जाने के क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (च): रेलगाड़ी परिचालन में संरक्षा को बेहतर बनाने, परिचालनिक दक्षता को बेहतर बनाने, वैगन टर्नअराउंड समय को कम करने आदि के लिए भारतीय रेल ने अपनी माल ढुलाई अनुरक्षण सुविधाओं के उन्नयन/संवर्धन/सुधार सहित कई कदम उठाए हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान, इस पहल के लिए लगभग 7000 करोड़ रुपये के कार्यों को मंजूरी दी गई है।**

**पतरातू में माल ढुलाई अनुरक्षण सुविधा को उन्नत/संवर्धित/ सुधार करने की योजना है। इस परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना शुरू कर दिया है। प्रस्ताव की कुछ प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं:**

- **सभी मौसम में उपयोग हेतु ढके हुए शेड।**
- **अत्याधुनिक अनुरक्षण और सामग्री प्रबंधन सुविधाएँ।**
- **वे साइड संबंधी डायग्नोस्टिक और निगरानी प्रणाली।**

**********

S.K